# विद्यालय गतिविधियां

1 अप्रैल :– नव–वर्ष की शुरूआत हवन यज्ञ से करवाई गई इसमें सभी विद्यार्थियों व आचार्यों ने भाग लिया ।

13 अप्रैल :– विद्यालय में वैसाखी का मेला हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भांगडा, गिद्दा, व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

21जून :– विद्यालय के खेल के मैदान में नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पंतजलि परिवार के सहयोग से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों, आचार्यो एवं अभिभावकों ने उत्सुकता से भाग लिया।

17 जुलाई से 22 जुलाई :– विद्यालय में पर्यावरण सप्ताह बड़ी हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें कविता, भाषण, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं करवाई गई। बच्चों द्वारा विद्यालय में पौधारोपण करके पर्यावरण सप्ताह सम्पन्न किया गया।

12 अगस्त :–विद्यालय की छात्राओं एवं आचार्य दीदीयों ने तीज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें उन्होने पंजाब की संस्कृति की झल्लकियां प्रस्तुत करते हुए पंजाबी लोकगीत, लोकनाच (गिद्दा) और खेलें –किकली, स्टाप्पू आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

15 अगस्त :–इस वर्ष विद्यालय के प्राँगण में स्वतन्त्रता दिवस बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती मधु शर्मा जी ने एवं श्रीमती लीना शर्मा जी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से सम्बन्धित रंगा–रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

21 अगस्त :–विद्यार्थी नई तकनीक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। इसी श्रृंखला में विद्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षिण शिविर लगाया गया। जिसमें श्री योगेश जी, बी. एम. के टेक्नोलाजी के द्वारा विद्यार्थियों को स्टैम, रोबोटिक्स व थ्री डी प्रिंटिंग, आनलाईन गेमिंग के मूल सिद्वांतों से अवगत करवाया गया।

28 अगस्त :–विद्यालय में जिला स्तरीय U–19, U-17,U–14 जुडो खेल प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें विद्यालय के छात्रों राजवीर, निखिल, कनव, भवानी, मानिक, राघव, मनजोत, रिक्की, राजवीर, मंयक, सक्ष्म, रोहित ने प्रथम स्थान, कृष्णा, गगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

29 अगस्त :–विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें तमन्ना,कामनी ने प्रथम स्थान आरूषि, शगुन, निर्मल, शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

29 अगस्त :–विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय कुश्ती खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर उसमें शिवम ने प्रथम स्थान, वंश ने द्वितीय और वरदान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

30 अगस्त :–विद्यालय के छात्राओं ने जिला स्तरीय टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे U–19 के छात्रो अभिषेक, और निखिल, ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। U–14 के छात्रों लक्षित, साहिल, हर्ष और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

31 अगस्त :–विद्यालय के छात्राओं ने जिला स्तरीय टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर U–19 की छात्राओं पायल और जाह्नवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। U–14 की छात्राओं मिष्ठी, ओरवी और हरगुण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

10 अक्तूबर :–विद्या मंदिर पब्लिक सी. सै. में स्वदेशी जागरण मंच की तरफ स्वरोजगार विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विभाग संयोजक नरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को किसी हुनर में पारंगत होने के लिए मार्गदर्शन किया। और विद्यालय में नवरात्रि पूजन के उपलक्ष्य में गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

19 अक्तूबर :–विद्यालय के प्राँगण में करवा–चौथ के उपलक्ष्य में कक्षा तीसरी से बाहरवीं कक्षा तक के विद्यार्थियो में मेंहदी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

21 अक्तूबर :–विद्यालय में विज्ञान प्रश्नमंच व पत्र वाचन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विद्यालय की कक्षा चौथी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को तीन वर्गो में प्रतियोगिताएं करवाई गई। इनमें बच्चों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

30 अक्तूबर :–दीपावली के उपलक्ष्य में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राम, लक्ष्मण, और सीता की झाँकियां निकाली और विद्यालय में रंगोली, थाली सज्जा, कार्ड मेकिंग, कक्षा सज्जा आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

14 नवम्बर :–विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र– छात्राओं के लिए विशेष प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

15 नवम्बर :–गुरू नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर विद्यालय में सुखमनी साहिब का पाठ किया गया।

23 नवम्बर :–विद्यालय के प्राँगण में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, आचार्यों एवं कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

25 नवम्बर :– विद्यालय के प्रांगन में श्री राम दत्त शर्मा जी के जन्मदिवस को मनाने हेतु 'योग क्या क्यों और कैसे' ? विषय में योगासन प्राणायाम, कहानी, विचार प्रकटीकरण, योग दर्शन सूत्र व श्लोक अन्त्याक्षरी एवं योगिक खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी, आचार्यो एवं अभिभावकों ने भी भाग लिया जिसमें प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

6 दिसम्बर :–विद्यालय में भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि पर श्रद्वांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

20 दिसम्बर :–विद्यालय ने अपना 48वां वार्षिक समारोह मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 7वीं पंजाब बटालियन, गुरदासपुर के कमांडेट ऑफिसर, सम्मानित कर्नल अजय कुमार शर्मा जी थे, जिन्होने विद्‌यालय को अपना कीमती समय दिया और उन्होंने विश्वास दिलाया कि व प्रयास करेंगे कि अगले वर्ष विद्यालय में NCC आए।

22 दिसम्बर :–विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के मौके पर गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गयाए जिसमें बच्चो द्वारा विभिन्न गणित के मॉडल तैयार किए गए ।

12 जनवरी 2025 :–विद्यालय में युवा दिवस के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। एवं उसके बाद विद्यालय प्रबंध निदेशक विजयन्त शर्मा व महासचिव लीना शर्मा एवं समूह स्टाफ ने लोहड़ी जलाकर तथा बच्चों ने गीत गाकर, भगड़ा डालकर लोहडी पर्व बड़ी धूम–धाम से मनाया।

16 जनवरी 2025 :–विद्यालय में विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया इसमें कक्षा षष्टम् से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

22 जनवरी 2025:–विद्यालय में प्री–नर्सरी से लेकर चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों की खेल प्रतियोगिता, करवाई गई ।

26 जनवरी 2025:–विद्यालय में गणतंत्र दिवस बडी धूम–धाम से मनाया गया। इस में बच्चों ने देश भक्ति के गीत, भाषण, कविताएं व चार्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

3 फरवरी 2025 :–बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर विद्यालय में नए बच्चों का विद्या–आरम्भ संस्कार कराया गया।

11 फरवरी 2025 :– विद्यालय में गुरू रविदास जयंती मनाई गई जिसमें सामाजिक समरयता के जिला संयोजिका सुमन महाजन
जी ने बच्चों को गुरू रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

28 फरवरी 2025 :– विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने कंप्यूटर मॉडल, विज्ञान के मॉडल, गणित के मॉडल, रोबोटिस मार्डल तैयार किए।